महत्वपूर्ण एवं खास

दो ट्रकों में जबरदस्त भिड़ंत,चालक की हालत नाजुक

बिलाईगढ़ (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में अनवरत सडक़ दुर्घटनाओं का सिलसिला चल रहा है। ऐसे में शनिवार को दो अलग-अलग जगह से सडक़ हादसा का मामला सामने आया है। एक तरफ जहां कांकेर के ग्राम आतुरगांव नेशनल हाईवे 30 पर दो ट्रकों के बीच आपस में भिड़त हो गई। टक्कर इतना जबरदस्त था कि ,जगदलपुर से रायपुर की ओर जानेवाली ट्रक के परखच्छे उड़ गए । इस हादसे में एक ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया,वहीं दूसरा ट्रक चालक को गंभीर चोटे आई है। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल चालकों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया ,जहां उसका इलाज चल रहा है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

एशिया के दूसरे सबसे बड़े मुर्गी फार्म से गांव वाले परेशान: धरने पर बैठे ग्रामीण

बेमेतरा (आरएनएस)। जिले में मक्खी-मच्छर और बदबू से परेशान ग्रमीणों ने मुर्गी फार्म के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। यह फार्म ग्राम मुलमुला से चलाया जा रहा है और एशिया के दूसरे नम्बर पर आता है। लेकिन इस फार्म की गंदगी से गांव के ग्रामीणों का जीना मुश्किल हो गया है। जिसके कारण सभी ग्रामीण मुर्गी फार्म को पूरी तरह से बंद करवाने के लिए धरना प्रदर्शन कर रहे है। वहीं गुस्साएं गांव के लोगों को देखते हुए जिले में पुलिस बल तैनात है। इस मामले को लेकर ग्राम पंचायत मुलमुला के ग्रामीणों ने बताया कि मुर्गी फॉर्म को बंद करना चाहिए। हालांकि धरने पर बैठे ग्रामीणों को समझाने के लिए एसडीओपी और तहसीलदार पहुंच गए हैं। लेकिन गांव वाले धरने को खत्म करने का नाम नहीं ले रहे और मुर्गी फार्म के अधिकारी के आने का इंतजार कर रहे है।

30 किलो गांजा के साथ गांजा तस्कारी का 1 आरोपी गिरफ्तार

सुकमा (आरएनएस)। जिले के थाना कोंटा जिला पुलिस ने काली स्कोडा कार से अवैध गांजा परिवहन करते हुये गांजा तस्कारी के आरोपी मनोतोश मिरधा के कब्जे से 30 किलो 300 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। रविवार को थाना कोंटा में गांजा तस्कारी के आरोपी से बरामद अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं कार को जप्तकर कार्यवाही करते हुए अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबीर की सूचना पर आरोपी मनोतोश मिरधा पिता मोनोरंजन मिरधा उम्र 24 वर्ष जाति काइत्रो साकिन एम.व्ही. 85 थाना कालीमेला जिला मलकानगिरी ओडिशा के एक काले रंग की स्कोडा कार कमांक एपी 09 बीव्ही 9699 कार से अवैध मादक पदार्थ गांजा 30 किलो 300 ग्राम के साथ थाना कोंटा पुलिस निरीक्षक शिवानंद सिंह एवं थाना स्टाफ के द्वारा इंजरम में पकड़ा गया है। गांजा तस्करी के आरोपी के कब्जे से बरामद अवैध मादक पदार्थ गांजा 30 किलो 300 ग्राम की अनुमानित बाजार मूल्य तीन लाख रुपये आंकी गई है।

विद्यालयों के समय में गर्मी को देखते हुए किया गया परिवर्तन

जांजगीर-चांपा (आरएनएस)। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के दिशा-निर्देशन में वर्तमान में गर्मी की अधिकता के कारण बच्चों के 7 स्वास्थ्य व छात्रहित को ध्यान में रखते हुए 7 जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर-चांपा द्वारा जिले में संचालित शैक्षणिक संस्थाओ के 7 समय में परिवर्तन किया गया है। जारी आदेशानुसार जिले में एक पाली में संचालित 7 समस्त प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक विद्यालय, हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी विद्यालय की कक्षाएं सोमवार से शनिवार तक प्रात: 07.30 बजे से 11.30 बजे तक संचालित होगी। इसी प्रकार ऐसे विद्यालय जहाँ कक्षाएँ दो पालियों में संचालित होती है, वहाँ प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय की कक्षाएं 07.30 बजे से 11.30 बजे तक और हाईस्कूल तथा हायर सेकेण्डरी विद्यालय की कक्षाएं 11.30 बजे से 04.30 बजे तक संचालित होगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील किया गया है।

मां दंतेश्वरी की डोली के आगमन के साथ शुरू होगा गीदम मेला 15 से

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले में गीदम मेला 15 अप्रैल को मां दंतेश्वरी की डोली के आगमन के साथ शुरू होगा और 16 अप्रैल को माईजी की डोली व क्षेत्रीय देवी-देवताओं की डोली नगर परिक्रमा करेगी, 17 अप्रैल को देवी-देवताओं की विदाई के साथ मेला का समापन होगा। गीदम मेला में आस-पास के कई मंदिरों से पुजारियों का देवी-देवताओं के छत्र के साथ शामिल होते हैं। इस मेले की सबसे बड़ी विशेषता है कि मां दंतेश्वरी का सोने का छत्र इस मेले में शामिल होता है। उनके छत्र के साथ दंतेश्वरी मंदिर के जिया बाबा एवं पुजारियों का दल न सिर्फ मेले में शामिल होते हैं वरन पूरे नगर का भ्रमण भी करते हैं। नगर में इस वर्ष मेला का आयोजन करने की अनुमति मां दंतेश्वरी के जिया पुजारी एवं टेंपल कमेटी से मिलने के बाद नगर पंचायत कार्यालय गीदम में नगर पंचायत अध्यक्ष साक्षी सुराना के नेतृत्व में नगर सहित आस-पास के क्षेत्रों के गणमान्य नागरिकों एवं पुजारियों की बैठक हुई।

मुठभेड़ में जवानों ने 4-5 वर्दीधारी नक्सलियों को गोली लगने का किया दावा

❒ नक्सल सामग्री सहित व्यापारी की पिटाई कर लूटे गये बाईक एवं मोबाईल बरामद

सुकमा (आरएनएस)। जिले के पोलमपल्ली थाना क्षेत्रके जंगल में व्यापारी की पिटाई कर लूट-पाट के बाद इलाके में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर आज सुबह 04 बजे सर्चिंग के लिए रवाना किया गया था। जैसे ही जवान मौके पर पहुंचे नक्सलियों की कोंटा एरिया कमेटी के डिविजन कमेटी सदस्य वेट्टी भीमा की मौजूदगी में 30-35 नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड में रुक-रुक कर करीब आधे घंटे तक फायरिंग हुई। जवाबी कार्यवाही में नक्सली अपने को कमजोर पड़ता देखकर भाग खड़े हुए। सुरक्षा बलों के जवानों ने इस मुठभेड़ में 04-05 वर्दीधारी नक्सलियों को गोली लगने का दावा किया है, घायल नक्सलियों को उनके साथी लेकर जाने में सफल रहे हैं। सर्चिंग में मुठभेड़ स्थल से बड़ी मात्रा में नक्सल सामग्री सहित व्यापारी की बेदम पिटाई कर उससे लूटे गये एक बाईक भी मौके से बरामद किया गया है। सभी जवान सुरक्षित कैंप में वापस लौट आये हैं। पोलमपल्ली के जंगल में हुई मुठभेड़ की पुष्टि बस्तर आईजी सुदरराज पी. ने करते हुए बताया कि घटना स्थल के सर्चिंग में पीड़ित व्यापारियों के 02 मोबाइल, गाड़ी की चाबियां एवं मोटर साइकिल, चार सैट स्कैनर, एंटीना, पेट्रोल बम, वाकी-टॉकी नक्सल साहित्य और दैनिक सामग्री बरामद हुई। घटना स्थल के आस-पास मिले संदिग्धों से पूछताछ जारी है एवं अग्रिम कार्यवाही थाना पोलमपल्ली में की जा रही है।

उल्लेखनिय है कि दोरनापाल से तीन व्यापारी प्रदीप, गोपो एवं प्रधान प्रति दिन की भांति किराना समान गांव-गांव बेचने के लिए दोरनापाल से करीब 18 किमी दूर स्थित ग्राम पालामडगु गये हुए थे, शनिवार शाम 04 बजे नक्सलियो ने तीनों की जमकर पिटाई की, उसके बाद नक्सलियों ने इन व्यापारियों से मोटरसाइकिल भी छीन ली। इसके बाद तीनो ने इसकी जानकारी परिजनों दी, जिसके बाद परिजन पोलमपल्ली से पिकअप लेकर गांव पहुंचे और तीनों को दोरनापाल लाया गया। इसी दौरान नक्सलियों की पिटाई से एक व्यापारी प्रदीप ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल दोनो व्यापारी गोपो व प्रधान का उपचार दोरनापाल अस्पताल में चल रहा है,दोनो काफी दहशत में है।

नक्सलियों के दबाव में ग्रामीणों ने कुछ पुर्जे प्रर्दशित कर ड्रोन हमले का लगाया आरोप

जगदलपुर (आरएनएस)। दक्षिण बस्तर के बीजापुर-सुकमा की सीमा के नजदीक नक्सलियों ने शुक्रवार को तडक़े कथित ड्रोन हमले का आरोप लगाते हुए प्रेस नोट जारी किया था। वहीं आज ग्राम जब्बागुडा, भट्टीगुड़ा, कवरगट्टा, मीनागट्टा और मोरकोमेटा के इलाके के ग्रामीणों के माध्यम से तस्वीरें प्रेषित कर ड्रोन हमले का पुन: आरोप लगाकर प्रमाणित करने का असफल प्रयास किया है। नक्सलियों के दबाव में ग्रामीणों ने कुछ पुर्जों को प्रर्दशित कर ग्रामीणों के माध्यम से बताया गया कि शुक्रवार को प्रात: लगभग 06 बजे के आसमान में ड्रोन नुमा एक मशीन से 20-25 गोले फेंके गए। जो कि जमीन में गिरते ही तेज आवाज के साथ फूटे हैं। जिसके कारण जंगल में महुआ बीनने गए कुछ ग्रामीण घायल हो गए, लेकिन एक भी घायल ग्रामीण को सामने नही ला पाये। नक्सलियों के दबाव में ग्रामीणों का आरोप है कि इसके बाद इलाके में हेलीकाप्टर भी आए और काफी देर तक उनसे भी फायरिंग की गई। हांलाकि पुलिस ने ऐसी किसी घटना से इंकार किया है। आपको बता दें कि पिछले दो वर्षों के दौरान यह चौथी बार है जबकि इलाके में हेलीकाप्टर और ड्रोन से हमले का आरोप नक्सलियों ने लगाया है। फर्क सिर्फ इतना है कि यह आरोप कभी नक्सली लगाते है तो कभी ग्रामीण। शुक्रवार को नक्सलियों ने लिखित बयान जारी कर इसी इलाके में हवाई हमले का आरोप लगाया था।

सब स्टेशन में लगे टॉवर से बैट्री चोरी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

कोरबा (आरएनएस)। पुलिस अधीक्षक कोरबा उदय किरण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रोबिनसन गुडिय़ा द्वारा सभी थाना/चौकी क्षेत्रान्तर्गत अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना हरदीबाजार क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में दिनांक 08/04/2023 को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि नंदलाल गोंड, निर्मल गोंड, संजय सिंह गोंड साकिनान ग्राम रेंकी द्वारा चोरी की बैट्री बिक्री करने हरदीबाजार में ग्राहक की तालाश कर रहे हैं। प्राप्त सूचना की तस्दीक हेतु संदेही नंदलाल गोंड, निर्मल गोंड, संजय सिंह गोंड को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया जो

एसईसीएल दीपका माईन्स के सुआभोड़ी में बने सब स्टेशन में लगे टॉवर से बैट्री चोरी करना स्वीकार किये, आरोपियों के निशादेही पर कुल 24 नग बेट्री जुमला कीमती 2,88,000 रूपये को बरामद किया गया। आरोपियों के पास उक्त 24 नग बैट्री का कोई कागजात नही होने से आरोपियों से उपरोक्त बैट्री को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। जिससे आरोपियों का कृत्य धारा सदर 41-1. जा.फौ./ 379, 34 भादवि. का अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपियों के विरूद्ध पृथक से 'इस्तगासा क्रमांक 02/2023 धारा 41-1.4, जा.फौ. 379, 34 भादवि कायम कर आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

उपरोक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक मयंक मिश्रा थाना प्रभारी हरदीबाजार, सउनि विजय सिंह, प्रआर प्रआरण् ओमप्रकाष बैस, आरक्षक संजय चन्द्रा, आरक्षक प्रवीण राजवाड़े, आरक्षक कमल कैवर्त, आरक्षक गौकरण श्याम, आरक्षक गौतम पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

हल्की वर्षा से मौसम हुआ सुहावना, अंधड़ व वर्षा के आसार

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से लगातार मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। कभी तेज गर्मी, तो कभी अचानक से भारी बारिश हो रही है। द्रोणिका के प्रभाव से प्रदेशभर में मौसम का मिजाज बदला हुआ है और बाहर से आने वाली नम हवाओं के प्रभाव से गर्मी का प्रभाव कम है। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश में आने वाले दो-तीन दिन मौसम का मिजाज ऐसा ही रहेगा। द्रोणिका के प्रभाव से शनिवार को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अंधड़ चलने और हल्की वर्षा के आसार हैं। हालांकि अधिकतम तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार देर शाम प्रदेश के कई शहरों में मौसम का मिजाज बदल गया और अंधड़ चला। कुछ क्षेत्रों में तो हल्की बूंदाबांदी भी हुई। अंधड़ के चलते कई क्षेत्रों में होर्डिंग्स भी उड़ गए और कुछ क्षेत्रों में बिजली गुल भी हुई। अंधड़ के साथ हुई हल्की वर्षा के चलते मौसम भी सुहावना हो गया। कुछ क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर पर पेड़ गिरने की भी घटना हुई। मौसम विभाग का कहना है कि शनिवार को भी मौसम का मिजाज ऐसा ही रहेगा और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अंधड़ के साथ हल्की वर्षा के आसार हैं। द्रोणिका के प्रभाव से प्रदेशभर में मौसम का मिजाज बदला हुआ है और बाहर से आने वाली नम हवाओं के प्रभाव से गर्मी का प्रभाव कम है।

ईमली लेकर कारोबारी को नहीं दिए 15 लाख, तमिलनाडु के दंपती पर ठगी का केस दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर के एक इमली कारोबारी से करीब 15 लाख रूपये की ठगी का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर गोलबाजार थाना पुलिस ने ठगी करने वाले तमिलनाडु के रहने वाले कारोबारी दंपत्ती के खिलाफ चार सौ बीसी का केस दर्ज कर लिया है।

फिलहाल आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं की गई है। जल्द ही पुलिस की एक टीम तमिलनाडु जाकर गिरफ्तारी की कार्रवाई करेगी।

गोलबाजार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बांसटाल मेन रोड निवासी गुलाम गौस जिलानी (49) ईमली का व्यसाय करते है। उनकी कमला सुपर मार्केट तेलीबांधा में पेसिफिक वेस्टर्न कमोडिटिज नाम से दफ्तर है। 25 अक्टूबर 2018 को जय हनुमान इंपोंट एंड एक्सपोंट शिवानी कांपलेक्स कुमार पालियम मेन रोड आवाति पालियम, पल्लिपालियम जिला नमककल (तामिलनाडु) के संचालक सेवलराज ने 24 लाख 70 हजार 577 रूपये की इमली खरीदने सौदा तय किया। इसके एवज में बतौर सेवलराज ने अग्रिम 10 लाख रूपये आरटीजीएस के जरिए दिया था। शेष रकम ईमली की आपूर्ति निर्धारित स्थान पर होने पर देने को कहा। 29 जनवरी 2018 को ट्रक से ईमली पहुंच जाने के बाद सेवलराज ने थोड़ी देर में पैसा देने का झांसा दिया। करीब एक महीने तक सेवलराज टालमटोल करता रहा। इस ठगी में उसकी पत्नी सरिता राज संलिप्त थी।

उसलापुर से मंगला चौक तक बेजा कब्जा पर चला बुलडोजर

बिलासपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की न्यायधानी मंगला चौक से लेकर उसलापुर की सडक़ का चौड़ीकरण होना है, लेकिन मिनोचा कालोनी के बने बंगला व दुकानों ने शासकीय भूमि पर कब्जा कर रखा है, वही शनिवार को ऐसे रसूखदारों के अवैध कब्जा पर निगम का बुलडोजर चला।

जिससे कब्जा करने वाले रसूखदार दहशत में आ गए है।

नगर निगम ने मंगला चौक से उसलापुर की सडक़ किनारे की शासकीय भूमि पर कब्जा करने वालो को दो महीने पहले नोटिस देकर अपना अवैध निर्माण तोडक़र

कर शासकीय जमीन खाली करने के निर्देश दिए थे, लेकिन कब्जा धारियों द्वारा जमीन नहीं खाली किया गया।

ऐसे में नगर निगम की अतिक्रमण विरोधी दस्ता और पुलिस की टीम कार्यवाही के लिए पहुच गई। जहां मिनोचा कालोनी में सडक़ किनारे किए गए अवैध कब्जा को हटाया गया। इस दौरान घरो के बाउंड्रीवाल व दुकान आदि पर बुलडोजर चलाया गया है।

बड़ी संख्या में थे पुलिस बल तैनात- इस दौरान विरोध होने की भी आशंका रही, इसको देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस जवान भी तैनात रहे। ऐसे में किसी भी प्रकार का विरोध देखने को नहीं मिला। निगम की टीम ने चेतावनी दी है कि अब बचे अतिक्रमण हटा लें, नही तो कार्यवाही तय है।

इधर उसलापुर में भी ओवरब्रिज का सुंदरीकरण होना है। ओवरब्रिज के नीचे प्ले ग्राउंड भी बनाना है। लेकिन ओवरब्रिज के नीचे बड़े पैमाने पर अवैध कब्जा कर लिया गया था। इसको देखते हुए अतिक्रमण विरोधी टीम वहां भी पहुच गई और ब्रिज के नीचे को अतिक्रमण मुक्त बनाया गया है। इस दौरान ठेला गुमटी जब्त किया गया है। वही अब आने वाले कुछ ही दिन के भीतर ब्रिज का सुंदरीकरण चालू कर दिया जाएगा।

पुलिस को देख चेकडेम में कूदे जुआरी, एक युवक की डूबने से मौत

❒ तीसरे दिन मिला शव

बिलासपुर (आरएनएस)। जंगल में जुआ खेल रहे जुआरियों को पुलिस ने पकडऩे के लिए दौड़ाया तो इनमें से तीन जुआरी पुलिस के डर से पास के ही चेकडेम में कूद गए. इसमें से 2 जुआरी किसी तरह तैरकर बाहर निकल आए, वहीं तीसरे युवक की डूबकर मौत हो गई. गोताखोर गुरुवार से उसकी तलाश करते रहे, शनिवार सुबह उसकी बॉडी बरामद की गई है।

सीपत पुलिस को कुछ दिनों से पुलिस को धौराकोना गांव के पास जंगल में जुआ खेलने की सूचना मिल रही थी. गुरुवार को सीपत थाने की टीम दबिश देने के लिए निकली. शाम 4 बजे मौके

पर पहुंची तो गांव से बाहर ग्राम धौराकोना के सूखा तालाब के पास जुआरियों की महफिल जमी थी. पुलिस ने घेराबंदी की तो 10-12 जुआरी मौजूद थे. इनमें से विवेक डहरिया, दसेराम सतनामी, दिलेश कुर्रे, मोहनकुमार लहरे, दुकालू पटेल बलौदा जिला जांजगीर- चांपा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. उनके कब्जे से 5300 रुपए नगद, 3 बाइक व 3 मोबाइल बरामद किया गया।

कुछ जुआरी भागने में सफल हो गए. इन्हीं में बलौदा के वार्ड क्रमांक 8 निवासी समीद मोहम्मद, कार्तिक और वीरेंद्र पुलिस से बचने लीलागर नदी में कूद गए. पुलिस ने उन्हें दौड़ाते हुए नदी तक गई, पुलिस ने उन्हें पानी में कूदते देखा, तो वहां से वापस लौट गई. कुछ देर बाद कार्तिक व वीरेंद्र तैरकर बाहर निकल गए पर समीद पानी मे डूब गया, उसका पता नहीं चला.

बलौदा पहुंचने पर वीरेंद्र व एक फरार जुआरी ने समीद के भाई अलीम कुरैशी को फोन पर घटना की जानकारी दी. सूचना पाकर वीरेंद्र के साथ अपने बड़े भाई व दोस्तों को लेकर शहिद कुरैशी नदी तक पहुंचे और मृतक समीद की तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला तो पुलिस को सूचना दी. इसके बाद पुलिस व एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और पानी में डूबे युवक समीद की तलाश में जुट गई, जिसकी डेड बॉडी शनिवार सुबह बरामद की गई।

नकल करते पकड़े जाने पर छात्रा ने फांसी लगा कर की खुदकुशी

बिलासपुर (आरएनएस)। कालेज की छात्रा ने फांसी लगा खुदकुशी कर ली। कालेज की वार्षिक परीक्षा के दौरान छात्रा नकल करते हुए पकड़ी गई थी। जिसके चलते वह शर्मिंदा होकर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। छात्रा की शिनाख्त होने के बाद शव पोस्टमार्टम करवा उसके परिजनों को सौप दिया गया है।

घटना सकरी थाना क्षेत्र की है। मुंगेली जिले के पथरिया थाना क्षेत्र के ग्राम गंगद्वारी निवासी 20 वर्षीय कु.नेहा टण्डन पिता रामलाल टण्डन बिलासपुर के शासकीय जमुना प्रसाद वर्मा कालेज जरहाभाठा में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। वह यहां सिविल लाइन थाना क्षेत्र के चंदेला नगर में अपने बड़े पापा के साथ रहती थी। उसके साथ ही उसकी बड़ी बहन नीतू टण्डन व आकाश टण्डन भी रहते थे। उसकी बड़ी बहन भी कॉलेज छात्रा है। बुधवार को कालेज में सुबह की शिफ्ट में नेहा टण्डन की परीक्षा थी। परीक्षा के दौरान नेहा नकल करते हुए पकड़ी गई थी जिससे वह शर्मसार थी

कालेज से घर लौटने के बाद उसने किसी से कोई बात नही की और गुमसुम बैठी रही। उसके बाद दोपहर को बिना किसी को कुछ बताये घर से बाहर चली गई। देर शाम तक घर नही लौटने पर भाई-बहन उसे खोजने निकले पर उसका पता नही चल पाया। दो दिन बाद नेहा की सकरी थाना क्षेत्र के भरनी में पेड़ में चुनरी से फांसी से लटकी लाश मिली। आस- पास के लोगो ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिस पर पहुँची पुलिस ने शव की शिनाख्त करवाई। जिसमे शव की शिनाख्त नेहा टण्डन के रूप में हुई। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को नकल करते पकड़ाने पर उसी रात छात्रा से शर्मिंदगी के चलते फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने शव का पीएम करवा परिजनों को सौप दिया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, अल्पसंख्यकों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU